# शिक्षा विभाग
## कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
( शाखा - प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान )

प्रथम तल, ओ० बी० सी० हॉस्टल, शिवनंदन प्रसाद इंटरस्तरीय विद्यालय, मधेपुरा – 852113


शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक :-...208.......................... दिनांक :-.17../..02..../2018

प्रेषक -

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मधेपुरा।

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
सभी निजी विद्यालय (पंजीकृत एवं गैर पंजीकृत),
मधेपुरा जिला।

विषय - **वर्ष 2017-18 अन्तर्गत U-DISE प्रपत्र एवं छात्रवार आँकड़ा संग्रह SDMIS प्रपत्र उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशया/महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक : MIS/80/2017-18/9755 दिनांक : 19.12.2017 के आलोक में सूचित करना है कि प्रत्येक वर्ष 30 सितम्बर की तिथि पर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा UDISE के तहत आँकड़ा संग्रह प्रपत्र के माध्यम से विद्यालय आधारित महत्वपूर्ण आँकड़ों का संग्रह कराया जाता है। **आप अवगत हैं कि इस वर्ष भी U-DISE अन्तर्गत सभी सरकारी/मान्यता प्राप्त/सहायता प्राप्त/केन्द्रीय/नवोदय/सैनिक विद्यालयों के साथ ही निजी विद्यालयों (पंजीकृत एवं गैर पंजीकृत विद्यालयों) के भी आँकड़ें संग्रहित किये जायेंगें, जहाँ न्यूनतम वर्ग 1 एवं उच्चतम वर्ग 12 की पढ़ाई होती है।** इस क्रम में अंकित करना है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 में UDISE अन्तर्गत विद्यार्थीवार सूचना संग्रह कराये जाने का निर्णय लिया गया था, जिसके आलोक में SDMIS के तहत वर्ग 1 से 12 में नामांकित बच्चों का विद्यार्थीवार आँकड़ा संग्रह का कम्पूटरीकृत कराया गया है। ऐसे में इस वर्ष मात्र वर्ग 1 में नामांकित बच्चों का विहित प्रपत्र में विद्यार्थीवार आँकड़ा संग्रह किया जाएगा। **ज्ञातव्य हो कि सभी निजी विद्यालयों का U-DISE प्रपत्र एवं छात्रवार आँकड़ा संग्रह SDMIS प्रपत्र सभी प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) में भेज दिया गया है। प्रखंड स्तर पर इससे संबंधित प्रशिक्षणोंपरांत सभी निजी विद्यालयों को प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा।**

अंकनीय है कि राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक : MIS/80/2017-18/9438 दिनांक : 04.12.2017 के आलोक में पुनः निदेश प्राप्त है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुपालन के क्रम में विद्यालयीय शिक्षा के बेहतर शैक्षिक नियोजन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्णयानुसार सभी विद्यालयों को अपने विद्यालय संबंधी विवरण 30 सितम्बर तक की स्थिति आवश्यक रूप से एकीकृत डायस (Unified DISE) प्रपत्र में भरकर प्रति वर्ष जिला स्तरीय कार्यालय को समर्पित करना है। वर्ष 2016-17 से यू-डायस के साथ ही SDMIS के तहत विद्यार्थीवार आँकड़ा भी संग्रह कर कम्पूटरीकृत कराया जा रहा है। ऐसा पाया गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्वीकृत बहुतायत निजी विद्यालयों द्वारा न तो यू-डायस प्रपत्र ही भरकर ही दिया जाता है और न ही SDMIS के तहत विद्यार्थीवार आँकड़ा ही उपलब्ध कराया गया है। साथ ही कतिपय प्रस्वीकृत निजी विद्यालयों द्वारा केवल यू-डायस प्रपत्र ही भरकर दिया गया है परन्तु विद्यार्थीवार आँकड़ा उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिस कारण 6-14 आयुवर्ग के बच्चों का सम्पूर्ण शैक्षिक विवरण नहीं प्राप्त हो रहा है।

**शिक्षा विभाग**
कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
( शाखा - प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान )
प्रथम तल, ओ० बी० सी० हॉस्टल, शिवनंदन प्रसाद इंटरस्तरीय विद्यालय, मधेपुरा – 852113

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक :-.......208..................................  दिनांक :-...17.../...02.../2018

अतः निदेश दिया जाता है कि सभी अपने-अपने संबंधित प्रखंड संसाधन केन्द्र से UDISE एवं SDMIS प्राप्त कर अनिवार्य रूप से दिनांक : 28.02.2018 तक दोनों प्रपत्र संबंधित प्रखंड संसाधन केन्द्र में ही जमा करना सुनिश्चित करें। उक्त दोनों प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में प्रस्वीकृति प्राप्त विद्यालयों की प्रस्वीकृत रद्द करने की कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी एवं जिन विद्यालयों को प्रस्वीकृति प्राप्त नहीं हुआ है उन विद्यालयों को बंद करने की दिशा में विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन

17-02-2018
(गिरीश कुमार)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।

17/2/18
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मधेपुरा।

ज्ञापांक : .......208.............................मधेपुरा, दिनांक : ..17......./02/2018

प्रतिलिपि - सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा जिला को सूचनार्थ एवं इस निदेश के साथ प्रेषित कि अपने प्रखंडाधीन सभी प्रकार के निजी विद्यालयों (पंजीकृत एवं गैर पंजीकृत) को इस पत्र की प्रति उपलब्ध कराने के साथ-साथ अविलंब प्रशिक्षण देते हुए प्रपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा दिनांक : 28.02.2018 तक संबंधित प्रखंड संसाधन कार्यालय (BRC) में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

17-02-18
(गिरीश कुमार)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।

17/2/18
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मधेपुरा।

17/02/18

☎:06476-222895,fax:06476-223556
Email :bepmadhepura@gmail.com.Website:www.bepmadhepura.in
E:\BEP SSA\All Component\MIS\Letter MIS 2018